तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 आंगनबाड़ी और महतारी सदन निर्माण कार्य अधूरा, पंचायत सचिव को फटकार




# नए पाठ्यक्रमों के लिए भवन की उपलब्धता बनी बड़ी चुनौती, विवि के अधिकांश भवन अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ तैयारियों में जुटा प्रबंधन, 25 विषयों की मिली है स्वीकृति

भवन सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि के लिए नए सत्र से नवीन 25 विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करना बड़ी चुनौती बन गई है। विवि के अधिकारी भारी चुनौतियों के बीच नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की तैयारियों में जुटें है।

शैक्षणिक विभागों के विस्तार के उद्देश्य से एसजीजीयू के अधिकारी लम्बे समय से नवीन विषयों के संचालन की मांग कर रहे थे। लम्बे इंतजार के बाद शासन ने 25 विषयों के संचालन की अनुमति प्रदान की है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विवि प्रबंधन ने भी आगामी सत्र से इन विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। नए विषयों के संचालन में सबसे बड़ी बाधा भवन की आ रही है। भकुरा परिसर में अभी तक प्रशासनिक भवन का भी निर्माण पूरा नहीं हो सका है तथा कार्यालय का संचालन दूसरे भवन में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने यूटीडी अंतर्गत संचालित विभागों को भी नए सत्र से भकुरा परिसर में संचालित करने का निर्णय लिया है। फार्मेसी विभाग का संचालन विवि के पुराने भवन में किया जा रहा है वहीं अन्य विभागों का संचालन



यूटीलिटी बिल्डिंग एवं अधूरे एकेडमिक बिल्डिंग में करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में नई कक्षाओं के संचालन को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। विवि परिसर में प्रशासनिक कार्यालय, शैक्षणिक परिसर, छात्रावास सहित अन्य कई भवन राशि के अभाव में वर्षों से अधूरे पड़े हैं। निर्माणाधीन प्रशासनिक कार्यालय एवं शैक्षणिक परिसर में कुछ कमरे तैयार है। इन कमरों के अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के बाद यूटीडी के विभागों का संचालन प्रारंभ करने की तैयारी है। शासन द्वारा अधूरे भवनों के निर्माण के लिए अभी राशि की स्वीकृति नहीं दी गई है। ऐसे में इन भवनों के भी निकट भविष्य में पूर्ण होने की उम्मीद नहीं है। यूटीडी के विभागों का भकुरा परिसर में स्थानांतरण होने के बाद भवन खाली हो जाएगा जिसमें नए पाठ्यक्रमों का संचालन करने की उम्मीद जताई जा रही है।

## तकनीकी पाठ्यक्रमों की मान्यता जरूरी

शासन द्वरा स्वीकृत नए पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फूड प्रोसेसिंग, एमबीए, बीबीए आदि 9 तकनीकी पाठ्यक्रम भी शामिल हैं जिनके संचालन के लिए संबंधित तकनीकी संस्थानों की मान्यता आवश्यक है। हालांकि विवि द्वारा इन पाठ्यक्रमों की मान्यता लेने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। लेकिन प्रवेश प्रक्रिया के पूर्व मान्यता मिल जाएगी इसकी संभावना कम है। ऐसे में नए सत्र से हिन्दू अध्ययन, ट्रायबल स्टडीज सहित विज्ञान, कला एवं वाणिज्य की कक्षाएं ही प्रारंभ करने की तैयारियां की जा रही है।

### नहीं हो रहा विकास

भवन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में विवि के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। स्थापना के 16 सालों बाद भी विवि के भवन अधूरे पड़े है। विवि की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी कोई पहल नहीं कर रहे हैं। राशि के अभाव में पिछले पांच सालों से भवनों का निर्माण बंद पड़ा है।

### चल रही तैयारियां

स्वयं के संसाधनों से नए विषयों की कक्षाएं संचालित करने की तैयारियां की जा रही हैं। तकनीकी पाठ्यक्रमों की मान्यता लेने की प्रक्रिया चल रही है। निर्माणाधीन शैक्षणिक परिसर एवं यूटीडी के पुराने भवन में नए विषयों की कक्षाएं संचालित करने की योजना है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

### बरसात में महामाया पहाड़ी के पानी से इलाका हो जाता है लबालब

# खरसिया मार्ग में जलजमाव की समस्या



पिछले साल बरसात के दौरान जलमग्न सड़क।



मानसून पूर्व खरसिया मार्ग में जमा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

■ पानी निकासी की नहीं है व्यवस्था

■ दो साल पूर्व सर्वे कराने के बाद भूला विभाग

शहर के खरसिया चौक से गुजरने वाली एनएच 43 की सड़क सहित आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से हो रहे जलजमाव जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दो साल पूर्व सांसद चिंतामणि महाराज की पहल पर विभाग के अधिकारियों ने जलजमाव वाले क्षेत्रों का सर्वे कर शीघ्र इसका निराकरण करने का आश्वासन दिया था लेकिन सालभर का समय गुजरने के बाद भी इस समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।

जल जमाव होना जनजीवन के लिए बड़ा खतरा बन गया है। पानी निकासी के प्राकृतिक मार्गों पर अवैध अतिक्रमण होने एवं निकासी मार्गों पर बेतरतीब निर्माण होने के कारण यह खतरा लगातार बढ़ते जा रहा है। वर्षाकाल में हर साल इस समस्या से जूझने के बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे हैं। ननि प्रशासन भी इस तरह की लगातार बढ़ती चुनौतियों को रोकने की कारगर पहल नहीं कर रहा है। हालत यह है शहर के आबादी क्षेत्रों के साथ ही मुख्य मार्गों पर भी जलजमाव हो रहा है। सबसे खराब स्थिति शहर के खरसिया मार्ग की है। बारिश होते ही महामाया पहाड़ के पानी से खरसिया मार्ग का इलाका लबालब हो जाता है। पूर्व में मार्ग के पुलियों से पानी निचले इलाकों की ओर निकल जाता था लेकिन पुलियों के बंद होने एवं पानी निकास मार्ग अवरूद्ध होने के कारण बरसात के दौरान महीनों सड़क पर पानी भरा रहता है। पूर्व में यह समस्या इतनी विकराल नहीं बनी थी लेकिन अब आसपास के क्षेत्रों में निवासरत लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग में होलसेल की अधिकांश दुकानें होने के कारण 24 घंटे भारी वाहनों के आवागमन का दबाव रहता है। क्षेत्र में लगातार व्यवसायिक एवं आवासीय परिसरों का निर्माण हो रहा है जिससे यह समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। जल जमाव होने के कारण हर साल बरसात में एनएच पर बड़े-बड़े गड्ढे. हो जा रहे हैं तथा विभाग को सड़क मरम्मत के लिए लाखों रूपए खर्च करना पड़ रहा है। विभाग ने भारी भरकम खर्च कर 8 महीने पूर्व विभाग ने जर्जर सड़क का निर्माण कराया था अब बारिश शुरू होते ही फिर से सड़क में गड्ढे. बनने शुरू हो गए हैं। जल्द इस समस्या का निराकरण नहीं कराया गया तो बरसात में इस बार भी लोगों को समस्या से जूझना पड़ेगा।

## दो साल पूर्व किया गया था सर्वे

सांसद चिंतामणि महाराज की पहल पर दो साल पूर्व सांसद ने तत्कालीन कलेक्टर विलास राव भोस्कर, एनएच के अधिकारियों ने भाजपा पदाधिकारियों एवं शहरवासियों के साथ भ्रमण कर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के जलजमाव वाले हिस्सों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान जलजमाव वाले सभी स्थानों पर पानी निकासी का मार्ग अवरूद्ध पाया गया था। कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने मुरूम भरकर तो कुछ स्थानों पर पक्का निर्माण कर पानी निकासी के मार्गों को अवरूद्ध कर दिया था। सांसद के निर्देश पर अधिकारियों ने जलजमाव वाले हिस्सों में सड़क की ऊंचाई बढ़ाने एवं पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराने एवं निकासी के अवरूद्ध मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने की योजना बनाई थी लेकिन आपसी समन्वय के के अभाव में बात आगे नहीं बढ़ सकी।

### सररिया मार्ग में बनेगी सीसी सड़क

विभाग के प्रस्ताव पर शासन ने शहर के बीच से गुजरने वाली एनएच 43 के नवीनीकरण के लिए 45 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन से लुचकी घाट तक की सड़क का नवीनीकरण कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी ने शहर के भीतरी हिस्सों में सड़क के डामरीकरण का कार्य प्रारंभ भी कर दिया है। एक सप्ताह में सड़क का डामरीकरण पूरा होने की संभावना है। शासन द्वारा जलजमाव व हर साल डामर सड़क की बदहाली से सुरक्षा के लिए खरसिया चौक से बगीचा तक सीसी सड़क निर्माण, सड़क के दोनों ओर डेढ़ मीटर चौड़ी एक मीटर गहरी नाली निर्माण एवं मार्ग में तीन पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। बरसात सिर पर है इसलिए फिलहाल सड़क एवं नाली निर्माण संभव नहीं है। आसपास में पानी निकासी की जगह नहीं होने के कारण अधिकारी भी जलजमाव की समस्या के निराकरण के लिए ऊहापोह की स्थिति में हैं। ऐसे में इस साल भी लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ेगा।

### किया जा रहा सर्वे

ठेकेदार ने सड़क नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। खरसिया मार्ग में जल निकासी के लिए सर्वे किया जा रहा है। सीसी सड़क एवं नाली निर्माण वर्षा काल के बाद प्रारंभ कराया जाएगा।

-आरबी कामरे
ईई, एनएच



दुकान की तलाशी लेते पुलिसकर्मी।

# डेली नीड्स दुकान की आड़ में पिता-पुत्र बेच रहे थे गांजा, चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ पुलिस ने दुकान से बरामद की डेढ़ लाख कीमत की 3 किलो गांजा

शहर में गांजा का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के कई वार्ड में गांजा का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है बावजूद इसके आज तक कारोबारियों पर पुलिस अंकुश लगाने नाकाम रही। हाल ही में जयनगर थाना क्षेत्र में यात्री बस में गांजा तस्करी कर रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ा जिसके बाद सरगुजा की पुलिस भी सक्रिय हो गई है। दोपहर कोतवाली पुलिस ने शहर के बीच डेली नीड्स दुकान के आड़ में गांजा ब्रिकी करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से डेढ़ लाख कीमत के 3 किलो गांजा बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार शहर के बीच केदारपुर पुराना नगर निगम कार्यालय समीप निवासी शिवम सोनी आ. नरेश सोनी घर के सामने डेली नीड्स दुकान का संचालन करते है। आज दोपहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुकान में दबिश देकर घर व दुकान की तलाशी ली तो डेढ़ लाख कीमत के एक झोले में रखे लगभग 3 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजा को जब्त कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी पिता-पुत्र से गांजा के संबंध में पूछताछ में जुटी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पिता पुत्र लंबे समय से डेली नीड्स दुकान की आड़ में गांजा का अवैध कारोबार कर रहे थे। पुलिस को पूर्व में भी दुकान में गांजा बिक्री करने की शिकायत मिली थी। बताया जाता है कि दुकान संचालक दुकान के आड़ में शहर के युवाओं को गांजा ब्रिकी करता था और रात में दुकान के सामने युवकों की भीड़ लगी रहती थी।

# बोरवेल वाहन के नीचे सो रहे किशोर को चालक ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन के दौरान चालक ने बोरवेल ट्रक के नीचे सो रहे किशोर मजदूर को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बोरवेल वाहन को जब्त किया है।

शुक्रवार को ग्राम खालबहरा में ट्यूबवेल खनन करने सीमावर्ती बैढ़न से बोरवेल वाहन क्रमांक केए01ईई 1554 लेकर चालक एवं कर्मचारी पहुंचे थे तथा मशीन से ट्यूबवेल खनन कर रहे थे। वाहन पर तैनात मजदूरों में ग्राम खदौली, बैढ़न निवासी 13 वर्षीय किशोर वंश बहादुर आ.लाल बहादुर भी शामिल था। दोपहर में कर्मचारी खनन बंद कर भोजन करने के उपरांत छाया में आराम कर रहे थे मजदूर किशोर वंश बहादुर वाहन के नीचे सोया था। इस दौरान अचानक चालक जगा तथा बोरवेल वाहन स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया जिससे नीचे सो रहा किशोर पिछले चक्के के नीचे दब गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना दी तथा दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर उपस्थित चालक व मजदूरों का कथन लिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता ने बताया कि बोरवेल वाहन संचालक ने उसकी सहमति के बिना किशोर को हर महीने 12 हजार रूपए देने का लालच देकर काम करवा रहा था। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



# गर्भवती महिला ने संजीवनी 108 में दिया स्वस्थ शिशु को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम सेवारी की एक गर्भवती महिला ने 108 एम्बुलेंस में शिशु को जन्म दिया। समय रहते एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से जच्चा और बच्चा दोनों की जान सुरक्षित बच गई। इस घटना की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सेवारी निवासी ननकी पति गतो पहाड़ी कोरवा (26 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने पर महतारी 102 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोपहर 2.39 बजे महिला को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। जैसे ही संजीवनी 108 वाहन राजपुर से आगे हरीतिमा के पास पहुंची तभी प्रसूता की प्रसव पीड़ा काफी बढ़ गई। महिला की हालत को देख संजीवनी 108 एम्बुलेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन संतोष यादव ने वाहन को रुकवा कर बिना घबराए आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाई और सुरक्षित प्रसव कराया। टेक्नीशियन की सूझबूझ और अनुभव से महिला ने एम्बुलेंस में ही एक स्वस्थ शिशु पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद एम्बुलेंस स्टाफ ने प्रसूता और नवजात शिशु की प्राथमिक देखभाल करते हुए दोनों को सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। बताया गया कि वर्तमान में जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस सफल प्रसव के बाद परिजन ने 108 एम्बुलेंस सेवा और मेडिकल टेक्नीशियन संतोष यादव की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से एक बड़ा हादसा टल गया।

### स्वास्थ्य विभाग की जांच के दौरान मैनपाट में सामने आए अलग-अलग कारण

# ग्रामीणों की मौत के मामले में नहीं मिले पीलिया एवं हेपेटाइटिस के लक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखंड मैनपाट में पीलिया से पांच लोगों की मृत्यु होने संबंधी जानकारी आने के बाद स्वास्थ्य, राजस्व एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि सभी मृतकों की मृत्यु के कारण अलग-अलग थे तथा इन्हें सामूहिक रूप से पीलिया या जलजनित संक्रमण से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं है।



संयुक्त दल द्वारा मृतकों के परिजन से चर्चा, वर्बल ऑटोप्सी, संभावित मरीजों की स्वास्थ्य जांच तथा पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि ग्राम कुनिया निवासी जितेन्द्र यादव की मृत्यु अस्पताल की रिपोर्ट एवं वर्बल ऑटोप्सी के अनुसार सेप्टिक शॉक के कारण हुई थी। वहीं ग्राम बरिमा निवासी श्रीमती भगवती यादव में हेपेटाइटिस-ए की पुष्टि हुई थी, जबकि रायपुर स्थित चिकित्सकीय संस्थानों की रिपोर्ट में उनकी मृत्यु का कारण यकृत संबंधी जटिलताएं एवं कार्डियो-रेस्पिरेटरी अरेस्ट बताया गया है। इसी प्रकार ग्राम बरिमा के विकास यादव की मृत्यु के संबंध में चिकित्सा रिपोर्ट में अलग-अलग चिकित्सकीय कारणों का उल्लेख है। ग्राम नर्मदापुर निवासी विकास यादव को हेपेटाइटिस नहीं था तथा वे बचपन से सिकल सेल रोग से पीड़ित थे। रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। ग्राम केसरा निवासी आकांक्षा यादव भी हेपेटाइटिस से प्रभावित नहीं थीं। वे लंबे समय से टीबी एवं श्वसन संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं तथा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई। जांच दल ने बताया कि सभी मृतक अलग-अलग गांवों एवं मोहल्लों के निवासी थे, जिनके बीच लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा मृतकों के परिवारों एवं आसपास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने पर किसी अन्य सदस्य में पीलिया अथवा हेपेटाइटिस के लक्षण नहीं पाए गए। इससे जल स्त्रोतों के माध्यम से किसी सामूहिक संक्रमण की पुष्टि नहीं होती है। एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण एवं पेयजल स्त्रोतों के क्लोरीनेशन का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।


(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## खबर संक्षेप

### ग्राम केनापारा में 15 दिनों से लापता युवक का शव कुएं में पड़ा मिला

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र के केनापारा-बहरापारा में शुक्रवार दोपहर करीब 35 वर्षीय युवक का शव एक कुएं से बरामद किया गया। शव काफी सड़ी-गली अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार रामकुमार राजवाड़े ने सूचना दी कि केनापारा स्थित उनके खेत के कुएं में एक युवक का शव मुंह के बल पड़ा दिखाई दे रहा है। सूचना पर करंजी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव काफी दिनों पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़ चुका था। मौके पर चिकित्सक को बुलाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पहचान के लिए आसपास के लोगों और परिजन को बुलाया गया, जिसके बाद मृतक की पहचान जयप्रकाश राजवाड़े, निवासी ग्राम खोपा के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि जयप्रकाश राजवाड़े शराब सेवन का आदी था और कुछ समय से अपनी विधवा बहन के घर रह रहा था, वह करीब पंद्रह दिनों से लापता था। पुलिस ने शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजन को सौंप दिया है। करंजी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल पाने की बात पुलिस ने कही है।

### ससुराल आए युवक पर किया गड़ासे से हमला

**बिहारपुर।** ग्राम कछवारी अपने ससुराल आए दमोह निवासी युवक पर गांव के युवकों ने लाठी-डंडे एवं गड़ासे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दमोह निवासी शिवमंगल गोड़ अपने ससुराल ग्राम कछवारी आया था। उसने परिवार के सदस्यों एवं गांव के कुछ युवकों के साथ खाना खाया। भोजन उपरांत युवकों के कहने पर वह उन्हें उनके घर छोड़ने गया था। इस दौरान किसी बात से नाराज मुन्ना एवं उसके साथियों ने लाठी डंडे व गड़ासे से हमला कर दिया जिससे शिवमंगल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 की टीम घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। युवक का एमएलसी कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।

### डीपाडीह मुख्य मार्ग पर डिवाइडर से टकराई बाइक, शिक्षक की मौत

**शंकरगढ़।** ग्राम डीपाडीह मुख्य मार्ग पर बाइक सवार शिक्षक अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बचवार निवासी शिक्षक सुरेश कोरवा बीती रात बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 9802 से घर डीपाडीह आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार डीपाडीह के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### गैस एजेंसी पर अतिरिक्त राशि वसूली का आरोप

**कोरिया कालरी।** क्षेत्र के एक गैस एजेंसी के संचालक के खिलाफ अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। डोमनहिल निवासी राजू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के नाम पर निर्धारित दर से 50 रूपए अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर की तय कीमत के अलावा घर पहुंच सेवा के नाम पर अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की उज्जवला योजना के तहत चिरमिरी क्षेत्र के अधिकांश हितग्राहियों को नागपुर स्थित महामाया भारत गैस एजेंसी के माध्यम से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में अतिरिक्त राशि वसूली की शिकायत सामने आने के बाद उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

### सोनहत पंचायत में 12 दुकानों की नीलामी

**सोनहत।** मुख्यालय ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 12 दुकानों की नीलामी निर्धारित तिथि 5 जून को विधिवत संपन्न हुई। ग्राम पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आयोजित नीलामी प्रक्रिया में स्थानीय प्रशासनिक तंत्र पंचायत पदाधिकारी, बोलीकर्ता एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। नीलामी प्रक्रिया के दौरान नियम एवं शर्तों से संबंधित दस्तावेज तैयार करने में समय लगने के कारण कार्य देर शाम तक चलता रहा। नीलामी उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा सफल बोलीकर्ताओं को आगे की औपचारिकताएं पूर्ण कर अपने-अपने प्रतिष्ठानों का संचालन प्रारंभ करने के लिए कहा गया। पूरी नीलामी प्रक्रिया को सफल बनाने में स्थानीय पुलिस प्रशासन, प्रशासनिक अमला, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंच एवं ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। ग्राम पंचायत स्तर पर दुकानों की नीलामी पूर्ण होने से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नए व्यापारिक अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अवैध शराब बनाने वाला तस्कर फिर पहुंचा जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने फूलपुर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण और बिक्री में संलिप्त आरोपी शिवमंगल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिला आबकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने मुखबीर की सूचना पर फूलपुर स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 5 भट्ठियों में भारी मात्रा में शराब बनाने के लिए तैयार किया गया लाहान तथा शराब निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए गए। मौके से 10 लीटर महुआ शराब भी जरीकैनों में भरी हुई मिली। आरोपी शिवमंगल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर उसे 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग के अनुसार शिवमंगल पूर्व में भी अवैध शराब परिवहन के मामले में पकड़ा जा चुका है।

### 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

डोमनहिल। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रजनी सोलोमन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा विद्यार्थियों को कस्टमाइज्ड पेन एवं की-रिंग भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। व्याख्याता श्री रेड्डी ने कहा कि पेन केवल एक उपहार नहीं, बल्कि ज्ञान, परिश्रम और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह प्रेरणादायी पेन भेंट कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

---

### कलेक्टर कोरिया ने किया निरीक्षण, एक माह के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# आंगनबाड़ी और महतारी सदन निर्माण कार्य अधूरा, पंचायत सचिव को फटकार



अधूरा निर्माण कार्य।



निरीक्षण करने पहुंची कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर कोरिया ने ग्राम बुड़ार में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन एवं महतारी सदन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वीकृति तिथि, लागत तथा निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। आंगनबाड़ी भवन का कार्य लंबे समय से अधूरा पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वीकृति के कई महीनों बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। कलेक्टर ने संबंधित सचिव को एक माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी, इसके बाद कलेक्टर ने निर्माणाधीन महतारी सदन का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि भवन का निर्माण समय पर पूरा हो सके और इसका लाभ स्थानीय महिलाओं को मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

### बुड़ार में जनसमस्या निवारण, 19 गांवों के ग्रामीण पहुंचे



ग्राम बुड़ार में जिला स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 19 गांवों के ग्रामीणों ने काफी संख्या में भाग लेकर विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भईयालाल राजवाड़े ने प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, नल-जल योजना, बिजली कनेक्शन, पेयजल, खाद एवं बीज जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों के अधिक आवेदन आने पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को भूमि विवादों, समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को मिले सहायक उपकरण

छग शासन के दिशा-निर्देशानुसार संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बुड़ार में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शिविर में समाज कल्याण विभाग, जिला कोरिया द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के तहत हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पड़ती निवासी 22 वर्षीय कु. आसना को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल (बैटरी चालित रिक्शा) प्रदान की गई, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी। वहीं ग्राम पातरपाली की श्रीमती गांगी बाई को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा प्रेमलाल को एक जोड़ी बैशाखी तथा 13 वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए।

# किसानों की समस्याओं का समय पर हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, रेशम, बीज निगम, मंडी बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति और किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं कृषि अमला अधिक से अधिक समय गांवों और खेतों में बिताए तथा किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, खाद, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को धान सहित अन्य फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता और कालाबाजारी को गंभीरता से लेते हुए सभी सहकारी समितियों एवं वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण और भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष खरीफ सीजन का प्रमुख लक्ष्य फसल विविधीकरण है। किसानों को पारंपरिक धान की खेती के साथ-साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के तहत दलहन और तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा।



समीक्षा बैठक लेती कलेक्टर

उन्होंने अधिकारियों को रागी सहित अन्य मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने तथा बेहतर मिलिंग क्षमता वाली धान की उन्नत किस्मों के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि कृषि उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर बनाती है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों की आय बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिए कि धान की परंपरागत खेती करने वाले किसानों को लाभकारी उद्यानिकी फसलों से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अधिक जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

# न्यायालय परिसर में चोरी, एसी का कॉपर पाइप काट कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर परिसर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने न्यायालय भवन में लगे तीन एसी के आउटडोर यूनिट के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए, जिससे न्यायालय को लगभग 20 हजार रुपए की क्षति हुई है।

चरचा थाने से मिली जानकारी के अनुसार जिला नाजिर शिवशंकर राजवाड़े द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है कि 28 मई की शाम 6 बजे से 29 मई की सुबह 11 बजे के बीच यह घटना हुई। चोरों ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बोर्ड कक्ष तथा विशेष न्यायाधीश (अत्याचार निवारण अधिनियम) के चेम्बर एवं न्यायालय कक्ष में लगे एसी के आउटडोर यूनिट के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए। घटना के समय न्यायालय परिसर की सुरक्षा के लिए आरक्षक वसीम रजा तथा नगर सैनिक अमर साय एवं सुशील साहू की ड्यूटी लगी हुई थी। बावजूद इसके चोरी की घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चोरी की घटना के कारण न्यायालय के तीनों एसी बंद हो गए हैं। मामले में चरचा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 (ई) एवं 331(4) के तहत जांच शुरू कर दी है।

■ चरचा पुलिस ने दर्ज किया मामला

### घर का ताला तोड़ नकदी समेत 47 हजार की चोरी

इन दिनों कोरिया जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में सोनहत थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों रूपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ति ने मामले की शिकायत सोनहत पुलिस में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सूखमन सिंह पति सुरेन्द्र सिंह 2 जून को सुबह करीब 11 बजे घर में ताला लगाकर समूह बैठक में शामिल होने महुआपारा गई थीं। करीब 12 बजे जब वह वापस लौटीं तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ति के अनुसार अज्ञात चोर घर से 12 हजार रूपए नगद, कांस के बर्तन, पितल की दौरी, थाली, चांदी की पायल, मंगलसूत्र, मोटरसाइकिल के दस्तावेज, ग्रामीण बैंक व पोस्ट ऑफिस की पासबुक तथा आधार कार्ड सहित कुल लगभग 47 हजार 500 रूपए का सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 305 (ए) एवं 331(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।



### छानी के रास्ते घर में घुसे चोर

जनकपुर थाना अंतर्गत ग्राम मसौरा में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवर और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी तीन पेटियों की चोरी कर ली। जनकपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मसौरा निवासी रोहणी प्रसाद यादव 4 जून की शाम करीब 4 बजे अपने मामा के घर ग्राम भुमका कोटाडोल गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी, दो बेटियां और दो बेटे मौजूद थे। बताया गया कि रात करीब 9 से 10 बजे के बीच परिवार के लोग खाना खाकर घर के आंगन में सो गए थे। सुबह करीब 5 बजे उठने पर देखा कि घर की छानी से लगी दीवार पर सीढ़ी लगी हुई थी तथा कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी तीनों पेटियां गायब थीं। एक पेटी में 10 हजार रूपए नगद, सोने का छोटा लॉकेट, नथिया तथा चांदी का झुमका, पायल और चैन रखे हुए थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रूपए बताई गई है। वहीं अन्य दो पेटियों में जमीन के कागजात, आधार कार्ड, अंकसूची, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पासबुक सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सूचना मिलने पर रोहणी प्रसाद यादव वापस घर पहुंचे और देखा कि चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाने का भी प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं होने पर सीढ़ी लगाकर छानी के रास्ते घर में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले की शिकायत जनकपुर पुलिस में दर्ज कराई गई है।

# 7 दिनों तक गूंजा योग का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पतंजलि विश्वविद्यालय एवं भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई से सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में संचालित निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 बजे तक आयोजित इस योग शिविर में जिलेभर के सैकड़ों योग साधकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस जवानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

■ मनेन्द्रगढ़ में इंटीग्रेटेड योग शिविर का समापन



योग शिविर में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

समापन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संत देवी जांगड़े ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थदेव जी के पावन सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में केन्द्रीय प्रभारी संजय अग्रवाल, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, जिला योग प्रभारी सतीश उपाध्याय, योग साधक विवेक तिवारी, प्रवीण निशी, सीओ संजय शर्मा, एसी अविनाश अग्निहोत्री, सीसी आदेश कुमार दोहरे, पीसी बृजभूषण तिवारी, एपीसी राजीव सिंह, एसडीएम लिंगराज सिदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग 100 प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक भी योगाभ्यास में शामिल हुए। शिविर के दौरान योगाचार्यों द्वारा प्रतिभागियों को ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन एवं टखना संचालन जैसे सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया गया।

# पखवाड़े भर में पूरा होगा असाक्षरों का सर्वे

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी गांवों, पारा-टोला और शहरी वार्डों में आगामी 15 दिनों के भीतर घर-घर पहुंचकर असाक्षरों का सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सर्वे टीमों का तत्काल गठन सुनिश्चित करने को कहा। ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूह के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पंच एवं संकुल समन्वयक सर्वे कार्य में शामिल होंगे। सर्वे के दौरान चिन्हित असाक्षरों का पंजीयन कर उनका नामांकन उल्लास एप में किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक 8 से 10 असाक्षरों को शिक्षित करने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की व्यवस्था भी की जाएगी। महिला स्व-सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने अभियान की नियमित निगरानी के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रशासन का लक्ष्य जिले को पूर्ण साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि जिले में निर्धारित 14,706 लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 14,098 असाक्षरों का सर्वे एवं पंजीयन किया जा चुका है। शेष लोगों तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

■ घर-घर पहुंचेगी सर्वे टीम

### समर कैंप में निखर रही बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

**कोरिया कॉलरी।** पीएम श्री चित्ताझोर पोंडी में आयोजित समर कैंप का चतुर्थ दिवस कला, सृजनात्मकता और नवाचार को समर्पित रहा। बच्चों ने पेपर क्राफ्ट, मुखौटा निर्माण, ड्राइंग एवं पेंटिंग जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कला एवं हस्तशिल्प सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को कागज से आकर्षक वस्तुएं बनाने, रंग-बिरंगे मुखौटे तैयार करने तथा चित्रकला एवं पेंटिंग की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी।

### कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम के तहत आयोजन

# 37 हितग्राहियों को मिला करीब 4 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में किसानों, कृषि उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जिला अग्रणी बैंक कोरिया द्वारा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आरसेटी (सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कृषि एवं स्वरोजगार गतिविधियों के लिए लगभग 4 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों एवं ग्रामीण उद्यमियों को संबोधित करते हुए कृषि एवं उससे जुड़े व्यवसायों के विस्तार के लिए आवश्यकता अनुसार बैंक ऋण लेने तथा समय पर ऋण अदायगी सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं का प्रभावी उपयोग किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बैकुंठपुर, पाण्डवपारा, सरडी, रजौली और सोनहत शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृत किए गए। कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों से संबंधित 27 खातों में कुल 2 करोड़ 66 लाख रूपए के ऋण स्वीकृत किए गए। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गी पालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, वेयर हाउस निर्माण, पशु आहार उत्पादन तथा अन्य कृषि व्यवसायों से जुड़े ऋण शामिल हैं, इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं के तहत 10 खातों में 1 करोड़ 34 लाख के ऋण स्वीकृत किए गए। इस प्रकार कुल 37 हितग्राहियों को लगभग 4 करोड़ रूपए की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन में जिले का मुख्य फोकस फसल विविधीकरण पर है। किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव।

उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में मोटे अनाजों, विशेषकर रागी के उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसानों को बेहतर मिलिंग क्षमता वाली धान की उन्नत किस्मों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हैं तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा सोनहत मंडल की बैठक

**सोनहत।** सामुदायिक भवन सोनहत में भारतीय जनता पार्टी मंडल की आत्मनिर्भर भारत विषयक मासिक बैठक 5 जून को आयोजित की गई। बैठक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न प्रयासों पर चर्चा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर रणनीति के साथ कार्य करने का संदेश दिया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनोज साहू, भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश फ्रंवाड़े, बाल कृष्ण देवांगन, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. भुवन साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक सुरेश तिवारी, 23 मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शाहदुर, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, 23 मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अमर साय सेलर, मछुआरा प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक ओमप्रकाश काशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में व्याख्याताओं ने बढ़ाया मान




**चरचा कॉलरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित एक होटल में इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरिया जिले के चार व्याख्याताओं ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेशभर से शिक्षकों एवं इको क्लब से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के पर्यावरण एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में इको क्लब की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मिशन लाइफ के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संचालित इको क्लब विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कोरिया जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में जिले का प्रतिनिधित्व इको क्लब जिला समन्वयक एवं प्रभारी प्राचार्य रविकांत मिश्रा, मास्टर ट्रेनर कमल डडसेना सेजेस चरचा, रामकुमार राजवाड़े शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिताझोर पोड़ी तथा महेश शिवहरे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारा ने किया।

**खबर संक्षेप**

## सीएमओएआई चुनावः संचालन क्षेत्रों में आज होगा मतदान

**बिश्रामपुर।** कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआई) की एसईसीएल इकाई के चुनाव के तहत प्रथम चरण का मतदान शनिवार को कंपनी मुख्यालय में संपन्न हो गया। अब दूसरे चरण में रविवार को एसईसीएल के सभी संचालन क्षेत्रों एवं सेंट्रल वर्कशॉप में मतदान कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बिश्रामपुर क्षेत्र में मतदान के लिए उन्नति क्लब को मतदान केंद्र बनाया गया है। चुनाव अधिकारी वी.सी. चतुर्वेदी ने बताया कि बिश्रामपुर क्षेत्र में कुल 140 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।जिसके बाद मतपेटियों को सुरक्षा के बीच कंपनी मुख्यालय ले जाया जाएगा जहां आठ जून मतों की गिनती और अधिकृत परिणामों की घोषणा की जाएगी। कुल 8 पदों के लिए हो रहे चुनाव में 21 प्रत्याशी मैदान में हैं। सचिव पद के लिए वर्तमान सचिव गौरीशंकर प्रसाद और ए.के खुल्लर के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं अध्यक्ष पद के लिए ए.पी. शुक्ला, आशीष त्यागी, कैलाश चंद्र बाल और शुभंकर परिडा चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए चार प्रत्याशी, सह सचिव के दो पदों के लिए पांच प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष (ट्रेजरर) के एक पद के लिए तीन प्रत्याशी तथा संयुक्त कोषाध्यक्ष (ज्वाइंट ट्रेजरर) के एक पद के लिए तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि चुनाव प्रक्रिया के बीच बिश्रामपुर क्षेत्र के संगठन सचिव अमरेंद्र नारायण ने सीएमओएआई के फंड में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच पूरी होने तक चुनाव स्थगित करने की मांग उठाई थी। उन्होंने संगठन के खाते से 40 लाख रुपये से अधिक की कथित वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए संगठन के अध्यक्ष और महासचिव को पत्र लिखकर जांच समिति गठित करने तथा जांच पूरी होने तक चुनाव प्रक्रिया रोकने की मांग की थी। हालांकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया जारी है और रविवार को सभी संचालन क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराया जाएगा।

## भफौली के युवाओं को दिया गया 4 शतरंज बोर्ड




**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत भवन भफौली में गुरूवार को सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गांव-गांव शतरंज, घर-घर शतरंज अभियान अंतर्गत भफौली शतरंज समिति को चार स्टैंडर्ड शतरंज बोर्ड सेट वितरित किया गया। गांवों में शतरंज को लोकप्रिय बनाने तथा बच्चों, युवाओं में बौद्धिक कौशल, तार्किक क्षमता एकाग्रता एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के संयुक्त सचिव एसके वैष्णव, संभागीय कन्वेनर विश्वनाथ मनियन, फाउंडेशन के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल एवं सचिव विश्वास तिवारी ने अपने संबोधन में शतरंज के शैक्षणिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मृत्युंजय जायसवाल, प्रीति बाला जायसवाल, संगीता दुबे, विवेक पैकरा, प्रशांत पैकरा आदि उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर योजना शिविर में 61 पहाड़ी कोरवा परिवारों का हुआ पंजीयन



**शंकरगढ़।** कलेक्टर एवं जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत डीपाडीह खुर्द में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 61 पहाड़ी कोरवा परिवारों का पंजीयन किया गया, जिससे उन्हें योजना का लाभ प्राप्त हो सके। शिविर के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी देते हुए आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली संबंधी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सीईओ, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, विद्युत विभाग के संतोष यादव सहित ग्राम पंचायत जगिमा, डीपाडीह खुर्द, पटना एवं हरगांव के सरपंच और सचिव उपस्थित रहे। सभी ने हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा शामिल हुए और योजना से जुड़ने में रुचि दिखाई।

## बिना प्रक्रिया दैनिक भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति, सौंपा ज्ञापन

**दरिमा।** क्षेत्र के बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मां महामाया एयरपोर्ट में भर्ती प्रक्रिया के बिना कलेक्टर दर पर सुपरवाइजर नियुक्त करने का आरोप लगाया है तथा मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुपरवाइजर पद पर यूपी के युवक को नियुक्त किया गया है। एयरपोर्ट में 24 कर्मचारियों की कलेक्टर दर पर नियुक्ति की गई है जबकि सुपरवाइजर की नियुक्ति 4 माह पूर्व की गई है। युवकों ने मामले में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### बैजनपाट के मझारीटोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीण जूझ रहे जल संकट से

# एक साल से सोलर ड्यूअल पंप बंद पानी के लिए दर-दर भटक रहे ग्रामीण



अनुपयोगी पानी टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजनपाट में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 45 लाख की लागत से स्थापित सोलर पेयजल योजना शो-पीस बनकर रह गया है। पिछले एक साल से योजना के ठप होने के कारण ग्राम खोहिर के मझारी टोला एवं पूर्वी टोलाके ग्रामीण लम्बे समय से जल संकट से जूझ रहे हैं।

**खास बात**
- पम्प सुधारने के लिए अधिकारी पंचायत से मांग रहे पैसा

ग्राम पंचायत बैजनपाट अंतर्गत ग्राम खोहिर के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्रेडा द्वारा उपका घाट क्षेत्र में सोलरपंप स्थापित करने के साथ ही गांव तक पाइपलाइन विस्तार किया गया था। प्रारंभ में ग्रामीणों को कुछ महीनों तक योजना का लाभ मिला। कुछ महीनों बाद योजना की मोटर खराब होने के साथ ही पानी की आपूर्ति बंद हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पंप खराब होने की शिकायत भी की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा स्थिति यथावत बनी रही है। हालत यह है कि गांव के मझारीटोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीणों को पानी के लिए लम्बा सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का पंप पिछले एक साल से खराब पड़ा है तथा विभाग द्वारा इसे सुधारने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। मजबूरी में ग्रामीण पारंपरिक जलस्त्रोतों का पानी पीने मजबूर है। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद विभाग ने पांच दिन पूर्व ही ड्यूअल पंप के एक मोटर को बदलकर चालू किया है जबकि दूसरा अभी भी बंद है। नई मोटर लगने के बाद गांव के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है जबकि मझारी टोला एवं पूर्वी टोला के ग्रामीणों को अभी भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार क्रेडा के ब्लाक प्रभारी घनश्याम साहू का कहना है कि संबंधित पंप की वारंटी खत्म हो गई है। विभाग के पास पंप बदलने के लिए बजट उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत द्वारा 35 हजार रूपए का भुगतान करने पर खराब पंप को बदलने की व्यवस्था की जाएगी।

इसके विपरीत क्रेडा के जिला प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव का कहना है कि पंप को चालू करा दिया है पानी की समस्या खत्म हो गई है। ग्रामीण जिला प्रभारी के दावे को झूठा बता रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की जांच काराने एवं समस्या का त्वरित निराकरण कराने की मांग की है।

## जल जीवन मिशन की केंद्रीय टीम ने किया ग्राम जुड़वानी में योजना का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** जल जीवन मिशन की दिल्ली से आई केंद्रीय टीम के जगजीत सोढ़ी ने जिला सूरजपुर प्रवास के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जुड़वानी में आयोजित विशेष ग्राम सभा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम में किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल परीक्षण तथा चालू जल प्रदाय के संचालन एवं संधारण के साथ-साथ जल कर वसूली के संबंध में ग्रामीणजनों से विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को नियमित जल आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलसंवर्धन एवं जलस्रोत सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।






## नए श्रम कानून लागू करने हुई बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड में नए श्रम कानूनों लेबर कोड्स को लागू करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों पर फिलहाल ब्रेक लग सकता है। दर असल गत दिनों सीआईएल मुख्यालय में आयोजित एपेक्स ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने एक सुर में प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि लेबर कोड्स को लागू करने में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए।

बैठक में प्रबंधन ने नए लेबर कोड्स के कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों पर पड़ने वाले प्रभावों तथा प्रस्तावित कार्ययोजना को यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। बैठक का उद्देश्य श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से जुड़ी संभावित चुनौतियों, अवसरों और प्रभावों पर व्यापक चर्चा करना था।हालांकि बैठक के दौरान श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन के सामने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए। एचएमएस, बीएमएस, सीटू तथा एटक के प्रतिनिधियों ने कहा कि लेबर कोड्स का सीधा प्रभाव कई कोयला कामगारों के सेवा नियमों, कार्य परिस्थितियों और श्रमिक अधिकारों पर पड़ सकता है। ऐसे में बिना गहन अध्ययन और व्यापक चर्चा के इसे लागू करना उचित नहीं होगा। यूनियन नेताओं ने जोर देकर कहा कि पहले यह समझना आवश्यक है कि नए श्रम कानूनों का वास्तविक प्रभाव क्या होगा और कोयला क्षेत्र के कर्मचारी इन्हें किस नजरिए से देखते हैं। उनका तर्क था कि यदि बिना पर्याप्त तैयारी और सहमति के लेबर कोड्स लागू कर दिए गए तो श्रमिकों में असंतोष बढ़ सकता है, जिससे औद्योगिक संबंध प्रभावित होंगे और इसका असर देश के कोयला उत्पादन पर भी पड़ सकता है। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि कोल इंडिया के विभिन्न क्षेत्रों, खदानों और इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों की राय लेने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि श्रमिकों की भागीदारी और विश्वास के बिना किसी भी बड़े श्रम सुधार को सफलतापूर्वक लागू करना संभव नहीं है। कोयला उद्योग में लेबर कोड्स को लेकर चल रही बहस के बीच हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि आने वाले समय में इन नए श्रम कानूनों के लागू होने से भर्ती प्रक्रिया, कार्य घंटे, वेतन संरचना, सामाजिक सुरक्षा और औद्योगिक संबंधों सहित कई व्यवस्थाओं में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## सीएचसी बिश्रामपुर व जयनगर सहकारी समिति के निरीक्षण में मिली खामियां, एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**बिश्रामपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं और सहकारी व्यवस्था कार्यों की जमीनी हकीकत परखने शनिवार को सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर, जयनगर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति और आयुष्मान आरोग्य निकेतन के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण खामियां सामने आईं, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

- अस्पताल में कई जरुरी दवाओं का स्टॉक तीन-चार महीनों से उपलब्ध नहीं, सहकारी समिति में यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध नहीं

निरीक्षण की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर से हुई। यहां एसडीएम ने अस्पताल परिसर, वार्डों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति अपेक्षित स्तर की नहीं मिली, जिस पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि अस्पताल की महत्वपूर्ण जीवन दीप समिति की बैठक पिछले एक वर्ष से आयोजित नहीं हुई है,इस पर एसडीएम ने बीएमओ डॉ अमित भगत को शीघ्र बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लंबित मुद्दों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई,जांच में पाया गया कि कुछ महत्वपूर्ण बीमारियों की जरूरी दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि संबंधित दवाओं की आपूर्ति पिछले तीन- चार माह से नहीं हो रही है, जिसके कारण यह स्थिति बनी हुई है। दवाओं की कमी की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर पहल करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र के बाद एसडीएम ने जयनगर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पहुंच यहां किसानों को उपलब्ध कराई जा रही खाद एवं अन्य कृषि सामग्रियों की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान समिति में यूरिया खाद का स्टॉक उपलब्ध नहीं मिला। इस पर समिति प्रबंधन ने जानकारी दी कि यूरिया की नई खेप एक-दो दिन के भीतर पहुंचने वाली है।



एसडीएम ने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए रिकॉर्ड का भी अवलोकन कर वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद एसडीएम ने जयनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य निकेतन का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



## जुआ खेल रहे शिक्षक व जनपद सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** दहेजवार जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे दो जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है जबकि अन्य जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस के हत्थे लगे जुआरी में एक शिक्षक व दूसरा जनपद सदस्य हैं। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि दहेजवार जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे गांव के ही दीपक गुप्ता आ. श्रवण साव एवं वार्ड क्रमांक 7 निवासी राम प्रसाद आ. केशव को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 3 हजार रुपए एवं 3 बाइक जब्त किया वहीं पुलिस के दबिश देने के दौरान जुआ खेल रहे अन्य जुआड़ी अंधेरा का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने दोनों जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जंगल में जिन जुआरियों को पकड़ा उसमें राम प्रसाद सोनवानी शिक्षक हैं तथा दीपक गुप्ता जनपद सदस्य हैं। शिक्षक के जुआ खेलते पकड़े जाने पर शिक्षकों तथा जन-प्रतिनिधि जनपद सदस्य दीपक गुप्ता द्वारा जुआ जैसे खेल जंगल में कराने पर जनप्रतिनिधियों ने उनकी कड़ी आलोचना की है।

## राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में व्याख्याताओं ने बढ़ाया मान




**चरचा कॉलरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित एक होटल में इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरिया जिले के चार व्याख्याताओं ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेशभर से शिक्षकों एवं इको क्लब से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के पर्यावरण एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में इको क्लब की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मिशन लाइफ के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संचालित इको क्लब विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कोरिया जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में जिले का प्रतिनिधित्व इको क्लब जिला समन्वयक एवं प्रभारी प्राचार्य रविकांत मिश्रा, मास्टर ट्रेनर कमल डडसेना सेजेस चरचा, रामकुमार राजवाड़े शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिताझोर पोड़ी तथा महेश शिवहरे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारा ने किया।

## 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**डोमनहिल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रजनी सोलोमन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा विद्यार्थियों को कस्टमाइज्ड पेन एवं की-रिंग भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। व्याख्याता श्री रेड्डी ने कहा कि पेन केवल एक उपहार नहीं, बल्कि ज्ञान, परिश्रम और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह प्रेरणादायी पेन भेंट कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उनके नाम अंकित आकर्षक की-रिंग भी प्रदान की गई। सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे।

## चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम द्वारिकानगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही चोरी समेत आपराधिक घटनाओं और असंतुष्ट पुलिस कार्रवाई से गुस्साए ग्रामीणों ने कल्याणपुर-लटोरी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जिससे कुछ ही समय में सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

- सक्रिय हुई लटोरी पुलिस ने किसान के खेतों से चुराए गये दो समरसिबल पंप किये बरामद,नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त पम्प।



प्रदर्शनकारियों से चर्चा करते पुलिस अधिकारी।

नाराज ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में मोटरपंप,कृषि उपकरण और अन्य सामानों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, कई परिवार आर्थिक नुकसान झेल चुके हैं, लटोरी पुलिस की सुस्त कार्यशैली व अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है, इसको लेकर बड़ी संख्या में गुस्साए ग्रामीण सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग करने लगे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा, लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, भटगांव थाना प्रभारी मनोज सिंह, खड़गवां चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह तथा लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग रखी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ, जिसके कुछ समय बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया और मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। लटोरी पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारिकानगर निवासी हीराधन राजवाड़े के खेत में लगा मोनो टुल्लू पंप को 7 मई को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया था।

इसके अलावा गांव के ही शिवकुमार सिंह के तालाब समीप लगभग डेढ़ माह पहले सबमर्सिबल मोटरपंप चोरी हो गया था।सक्रिय हुई लटोरी पुलिस ने दोनों मामलों में जांच के आधार पर ग्राम पंचायत मंजीरा के फुलवारपारा निवासी 19 वर्षीय कृष्णा पण्डो पिता स्व. रामधनी पण्डो तथा उसके एक नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए दोनों मोटरपंप बरामद कर लिए। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी का सामान खरीदने वाले दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर निवासी इंदर पण्डो को भी गिरफ्तार कर लिया है, मामले में एक अन्य फरार आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
MR HOSPITAL Caring for You
डॉ. मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery), M. Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU मनोचिकित्सक विशेषज्ञ
डॉ. बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) FIPM, Fellowship in Rheumatology (John Hopkins USA), Consultant Rheumatologist
डॉ. निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) सलाहकार, श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर। मनोरोग रोग विशेषज्ञ
डॉ. सौरभ जैन MD, DM (Neurology) FNB (Interventional Neurologist) ब्रेन एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ
डॉ. आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MD (Hematology), BMT Physician रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. के. एस. भाटिया MBBS, MD Internal Medicine, DM Cardiology, FSCAI सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
BLOOD BANK की सुविधा उपलब्ध
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँचकी सुविधा उपलब्ध
दिनांक: 07 जून 2026, माह के प्रथम रविवार
8224007799,7000619700